विद्युत लोको शेड व नई ट्रेनों की मांग, ज्ञापन सौंपा

■ क्षेत्रीय विकास मंच ने डीआरएम को सौंपा ज्ञापन

गंगापुर सिटी, (निसं)।क्षेत्रीय विकास मंच गंगापुर सिटी ने रेलवे विकास और आमजन की सुविधा से जुडे दो महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर मंडल रेल प्रबंधक कोटा को ज्ञापन सौंपा। मंच ने डीआरएम से गंगापुर सिटी में विद्युत लोको शेड की स्थापना के लंबित प्रस्ताव को रेलवे बोर्ड तक शीघ्र भेजने की मांग की।

ज्ञापन में बताया गया कि गंगापुर सिटी में रेलवे की लगभग 444 एकड भूमि, आधुनिक मार्शल यार्ड, कैरिज डिपो, रेलवे क्वार्टर, स्टाफ रूम और अन्य सुविधाएं पहले से उपलब्ध हैं, जिससे न्यूनतम लागत में लोको शेड स्थापित किया जा सकता है। मंच ने यह भी उल्लेख किया कि मार्च 2025 में लोकसभा में स्थानीय सांसद हरिश्चंद्र मीणा द्वारा यह मांग उठाई जा चुकी है। इसके अतिरिक्त करौली-धौलपुर सांसद भजनलाल जाटव ने 4 अगस्त 2025 को सरमथुरा-गंगापुर सिटी रेल लाइन की डीपीआर स्वीकृति के लिए लोकसभा में आग्रह किया। मंच ने सरमथुरा-गंगापुर सिटी रेल लाइन को उत्तर भारत की कनेक्टिविटी और राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। इसके साथ ही गंगापुर सिटी से जयपुर एवं अलवर/रेवाडी दिशा में नई ट्रेनों के संचालन और अनुपयोगी रेलवे भूमि का उपयोग ट्रेनिंग सेंटर एवं कंटेनर डिपो जैसी परियोजनाओं के लिए करने की भी मांग की गई। मंच ने कोटा डीआरएम से गंगापुर सिटी स्थित रेलवे लोको कॉलोनी क्षेत्र में आमजन के लिए उपयोग होने वाले प्रमुख संपर्क मार्गों जैसे सवाई माधोपुर रोड, उमरी गांव मार्ग, स्वर्ग आश्रम रोड एवं अन्य कॉलोनियों के रास्तों को बंद किए जाने का विरोध किया। ज्ञापन में कहा गया कि इन मार्गों के बंद होने से विद्यार्थियों, बुजुर्गों और आपातकालीन सेवाओं को गंभीर असुविधा हो रही है। मंच ने यह भी बताया कि कोटा, जयपुर, आगरा ईदगाह और बयाना जैसे शहरों में रेलवे कॉलोनियों में संपर्क मार्ग खुले रहते हैं, वहीं गंगापुर सिटी में इसके विपरीत कदम उठाया जा रहा है। मंच ने मांग की कि रेलवे प्रशासन और राज्य सरकार मिलकर वैकल्पिक सुरक्षा उपायों के साथ इन मार्गों को पुनः खोले जिससे आमजन को राहत मिल सके। ज्ञापन देने के दौरान मंडल रेल प्रबंधक ने समिति के सदस्यों को आश्वस्त किया कि क्षेत्रीय विकास मंच की मांगों पर गंभीरता पूर्वक विचार किया जाएगा । उन्होंने कहा कि रेलवे प्रशासन गंगापुर सिटी की जरूरतों और संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए सकारात्मक निर्णय लेने के लिए प्रयासरत है। ज्ञापन देने वालों में क्षेत्रीय विकास मंच के संस्थापक संयोजक डॉक्टर हेमंत शर्मा, मंच के अध्यक्ष श्याम लाल मीणा, ईश्वर लाल शर्मा, मटरुमल मीणा, ज्ञानेश्वर मीणा चोखेलाल वर्मा, महेन्द्र शर्मा, सुरेश चंद शर्मा ,नरेश दुबे ओमप्रकाश शर्मा , याकूब खान , दुर्गेश शर्मा , धनेश शर्मा , राजेंद्र कुमार शर्मा , घनश्याम मेठी ,सी बी शर्मा , रामकिशोर गर्ग आदि लोग शामिल थे।

सेमिनार आयोजित

हिण्डौन सिटी, (निसं)। अग्रसेन गर्ल्स सीनियर सेकेंड्री स्कूल में शनिवार को विधिक जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में अधिवक्तामहेश गोयलने छात्राओं को विभिन्न महत्वपूर्ण कानूनों की जानकारी दी।उन्होंनेसूचना प्रोद्यौगिकी अधिनियम 2000, सूचना का अधिकार अधिनियम 2005, सार्वजनिक परीक्षा अनुचित साधन रोकथाम अधिनियम 2022, मोटर वाहन अधिनियम 1988, उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019सहित अन्य कानूनी प्रावधानों पर विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि कानून की जानकारी नागरिकों को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति सजग बनाती है। अधिवक्ता गोयल ने विशेष रूप सेसूचना का अधिकार अधिनियम 2005की चर्चा करते हुए बताया कि इस कानून के अंतर्गत कोई भी व्यक्ति सरकार द्वारा प्रतिबंधित सूचनाओं को छोड़कर किसी भी सरकारी कार्यालय से सूचना प्राप्त कर सकता है। इसके लिए कारण बताना आवश्यक नहीं है।

इनवस्टर म्यूचल फण्ड मीट संपन्न

■ एसआईपी के जरिए छोटे निवेश को भी बनाया जा सकता है बडा

गंगापुर सिटी। खण्डेलवाल सेवा सदन में इनवस्टर म्यूचल फण्ड मीट का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में यशवंत गुप्ता (रीजनल हैड सीडीएसएल) और अंकित समरिया (म्यूचल फण्ड एक्सपर्ट) ने निवेशकों को संबोधित किया। इस अवसर पर सागर दायमा (बिजनेस डवलपमेंट हैड) ने राठी समूह के उत्पादों और सेवाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

दायमा ने बताया कि सुरेश राठी ग्रुप 1981 से लगातार निवेशकों को सेवाएँ प्रदान कर रहा है। आज यह समूह 1.25 लाख से अधिक क्लाइंट्स को हैंडल कर रहा है, इसके 12० ब्रांचेज हैं, 4 राज्यों में कार्यरत है तथा 4० से अधिक लोकेशन्स पर इसके ऑफिस हैं। साथ ही समूह अब तक हजारों इन्वसटर म्यूचलफण्ड अवेयरनेस प्रोग्राम आयोजित कर चुका है, जिनके माध्यम से लाखों निवेशकों को फाइनंसरि फ्रिडम के लिए जागरूक किया गया है। कार्यक्रम के दौरान सागर दायमा ने निवेशकों को निवेश के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि सही समय पर किया गया निवेश, आने वाले समय में वित्तीय स्वतंत्रता सुनिश्चित करता है।

आकाश इन्वेस्टमेंट के म्यूचलफण्ड हैड विपिन मेठी ने निवेशकों को बताया कि आज के समय में म्यूचल फण्ड सबसे सुरक्षित निवेश माना जा रहा है। अक्सर देखा जाता है कि लोग अपनी बचत को आरडी, एफडी या सरकार की विभिन्न योजनाओं में लगाते हैं, लेकिन अपेक्षित रिटर्न नहीं मिल पाता। जबकि म्यूचल फण्ड में एसआईपी के जरिए एक छोटी सी बचत को बडी धनराशि में बदला जा सकता है। उन्होंने बताया कि आरडी और एसआईपी दोनों का समय 5 वर्ष होता है, परन्तु आरडी में लगभग 6त्न का रिटर्न मिलता है, जबकि एसआईपी में लंबे समय में करीब 12त्न का रिटर्न प्राप्त किया जा सकता है। विपिन मेठी ने यह भी बताया कि अब बच्चों के नाम पर भी डीमेट अकाउंट खोलकर एसआइपी और आईपीओ में निवेश किया जा सकता है।

पहले बहुत से लोगों को इसकी जानकारी नहीं थी, परन्तु डिजिटल इण्डिया के विस्तार के साथ अब ऐसे सभी विकल्प उपलब्ध हो रहे हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रहलाद चंद मेठी (राष्ट्रीय महामंत्री, भारतीय उद्योग व्यापार मंडल) ने की। इस अवसर पर विभिन्न विशिष्ट अतिथियों में जगदीश अग्रवाल (अध्यक्ष, विश्व हिंदू परिषद), सत्यनारायण साँखिया (अध्यक्ष, अनाज मंडी), अनिल बुरजा (अध्यक्ष, भाजपा नगर मंडल) और हंसराज चौधरी (उपाध्यक्ष, खंडेलवाल वैश्य महासभा) शामिल रहे।

ब्राह्मण समाज का सदस्यता अभियान दो दिन बढ़ाया

करौली, (निसं)। ब्राह्मण समाज करौली के अध्यक्ष पद का 31 अगस्त को होने वाले चुनाव को लेकर रविवार को ब्राह्मण सभा भवन में निर्वाचन कमेटी अध्यक्ष कैलाश चंद्र हरदेनिया की अध्यक्षता में कमेटी सदस्यों की चुनाव की तैयारी को लेकर बैठक आयोजित हुई बैठक में ब्राह्मण समाज की जन भावना को मध्येनजर रखते हुए 2 दिन के लिए सदस्यता अभियान और बढ़ाया गया है 25 और 26 अगस्त तक सदस्यता अभियान चलेगा।

रविवार को ब्राह्मण सभा भवन में निर्वाचन कमेटी अध्यक्ष कैलाश चंद्र हरदेनिया की अध्यक्षता मैं आयोजित हुई बैठक में जन भावना को मध्येनजर रखते हुए सदस्यता अभियान 2 दिन के लिए बढ़ाया गया है 25 और 26 अगस्त तक अभियान चलेगा बैठक में 27 अगस्त तक आपत्ती का समय निर्धारित किया गया है और मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 27 अगस्त को ही किया जाएगा एवं 28 अगस्त को ब्राह्मण सभा भवन से नामांकन फार्म प्राप्त कर 28 अगस्त शाम 5:00 बजे नामांकन फॉर्म जमा करने का समय निश्चित किया गया है एवं 29 अगस्त शाम 5:00 बजे तक नामांकन वापस का समय निर्धारित किया गया है और 31 अगस्त रविवार को प्रातः 8:00 बजे से शाम 5:00 तक मतदान होगा मतदान के तुरंत बाद ही मतगणना की जाएगी और मतगणना के बाद ही परिणाम घोषित किया जाएगा कमेटी अध्यक्ष कैलाश चंद हरदेनिया, कार्यवाहक अध्यक्ष मदन मोहन पचौरी, निर्वाचन कमेटी सदस्य रघुवीर हरदेनिया, पूरन चंद शर्मा, नेमीचंद शर्मा, मान प्रकाश शुक्ला, तपन व्यास, नीरू शुक्ला ने विप्र बंधुओ से आठाह किया है कि ब्राह्मण सभा भवन में पहुंचकर 25 और 26 अगस्त तक सदस्यता रसीद अवश्य कटावे।

सैनिक का अंतिम हुआ संस्कार

करौली, (निसं)। सपोटरा उपखंड क्षेत्र के भरतून बुधपुरा निवासी सैनिक का शव गांव पहुंचने पर गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया जिसमे स्थानीय विधायक,पुलिस और प्रषासन के अधिकारी उपस्थित रहे। ज्ञात रहे कि अजीत सिंह राजपूत जादौन की ड्यूटी उत्तराखंड के आर्मी बेस कैंप हर्षिल में थी। 5 अगस्त को उत्तराखंड के धराली कस्बा एवं आर्मी बेस कैंप हर्षिल क्षेत्र में बादल फटने की वजह से वो लापता हो गया था कई दिनों तक चले सर्च ऑपरेशन के बाद उसका शव शनिवार को काफी मशक्कत के बाद उनकी यूनिट को मिला रविवार को दोपहर सेन्य सम्मान के साथ उनके पैतृक गाँव बुद्धपुरा भरतून मे सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया।

समता आंदोलन की बैठक

■ समता आंदोलन को मजबूत व ग्रासरूट तक पहुंचाने के लिए कार्य योजना बनाने को लेकर की चर्चा

भरतपुर, (निसं)। समता आंदोलन जिला ईकाई भरतपुर की बैठक गिरीश रिसॉर्ट पर रखी गई। बैठक की अध्यक्षता दिलीप कुलश्रेष्ठ जिला सचिव ने की व मुख्य अतिथि संभाग अध्यक्ष हेमराज गोयल रहे।

जिलाध्यक्ष केदार नाथ पाराशर ने जिला ईकाई को कैसे मजबूत किया जाए इसके लिए प्रकाश डाला एवं उपस्थित सदस्यों से सुझाव आमंत्रित किए। मनीष विधोलिया ने सुझाव दिया कि युवा टीम का पुनर्गठन करने की आवश्यकता है इसकी शीघ्र शुरुआत करेंगे।सुनील बंसल ने सुझाव दिया कि नगर-निगम के वार्डों का पुनर्गठन हुआ है उसके अनुसार गठन किया जाएगा।नवीन वार्डों की सूची सोमवार को नगर-निगम से प्राप्त करने का प्रयास किया जाएगा। बैठक में समता आंदोलन को मजबूत व ग्रासरूट तक पहुंचाने के लिए कार्य योजना बनाने, कार्य विभाजन करने उत्तर दायित्व देने विभिन्न प्रकोष्ठ ,वार्ड अध्यक्ष व ग्राम पंचायत अध्यक्ष नियुक्त करने पर विचार विमर्श कर निर्णय लिए गये। पेन्शनर प्रकोष्ठ, मंत्रालयिक प्रकोष्ठ, किसान, विधि प्रकोष्ठ, नर्सिंग प्रकोष्ठ युवा प्रकोष्ठ आदि का गठन किया जाना है। हेमराज गोयल ने सभी समतावादी लोगों से अपील कीकि अपने अधिकारों के लिए आगे आएं आंदोलन से जुडें।अपनी शक्ति को पहचानें।

इस अवसर पर हेमराज गोयल संभाग अध्यक्ष, सर्व मित्र मंडल फाउंडेशन के राष्ट्रीय संरक्षक कौशलेश शर्मा, समता आन्दोलन जिलाध्यक्ष केदार नाथ पाराशर, आयुर्वेद प्रकोष्ठ अध्यक्ष सतीश पाराशर, सेवानिवृत्त अधीक्षण अभियन्ता सी.एम.गुप्ता, सेवानिवृत्त अतिरिक्त निदेशक डॉयट कमल किशोर शर्मा, शहर अध्यक्ष सुनील कुमार बंसल, सचिव दिलीप कुलश्रेष्ठ, सहसचिव अशोक कुमार सारस, उमाशंकर वशिष्ठ, वार्ड 61सचिव राकेश कुमार, शर्मा,वार्ड 60 अध्यक्ष मंगतू राम, सचिव विष्णु चंद, कोषाध्यक्ष योगेश जैन,युवा प्रकोष्ठ प्रान्तीय अध्यक्ष मनीष विधोलिया, देवीप्रसाद सुभाष नगर,बृजेश गोस्वामी गिरीश विहार आदि अनेक गणमान्य एवं पदाधिकारीगण उपस्थित हुए।

प्रशासन ने जारी किया अलर्ट

भरतपुर, (निसं)। पूर्वी राजस्थान में रही तेज बारिश ने हालात बिगाड़ दिए हैं। करौली जिले के पांचना बांध से चार गेट खोलकर गंभीर नदी में करीब 26 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया। यह पानी रविवार को तेज धारा के साथ बयाना क्षेत्र में पहुंच गया। गंभीर नदी में पानी की भारी आवक को देखते हुए स्थानीय प्रशासन ने लोगों से पूरी तरह सतर्क और सचेत रहने की अपील की है, ताकि जन-धन और पशुधन की हानि से बचा जा सके। गंभीर नदी में पानी बढ़ने से पुलियाओं पर रपट चलने से बयाना क्षेत्र के कई गांवों जैसे खिरकवास, कलसड़ा, रीझवास, मौरोली का संपर्क आपस में कट गया है। एसडीएम दीपक मित्तल ने बताया कि गंभीर नदी में पानी की आवक को देखते हुए कर्मचारियों की सभी छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं।

विप्र फांडेशन प्रदेश स्तर पर करेगा प्रतिभाओं का सम्मान

गंगापुर सिटी, (निसं)। विप्र फाउंडेशन जॉन 1-डी की बैठक नसिया कॉलोनी स्थित विजयलक्ष्मी ऑडिटोरियम में विप्र फाउंडेशन जॉन 1- डी के प्रदेशाध्यक्ष डॉ हेमंत शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई । डॉ हेमंत शर्मा ने बताया कि प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी ब्राह्मण समाज की उल्लेखनीय उपलब्धि प्राप्त करने वाली प्रतिभाओं के सम्मान समारोह के कार्यक्रम को आयोजित करने का निश्चय किया गया।

प्रदेशाध्यक्ष डॉ शर्मा ने बताया कि सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि राज्य स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह को 14 सितंबर रविवार को स्थानीय विजय पैलेस में आयोजित किया जाएगा । समारोह में सवाई माधोपुर जिले एवं जॉन-1 डी में आने वाले समस्त जिलो से प्रतिभाओं को शामिल किया जाएगा। विप्र फाउंडेशन जॉन 1-डी सवाई माधोपुर के जलिाध्यक्ष दिलीप तिवाडी ने बताया कि सम्मान समारोह में प्रतिभाओं के लिए मापदंड तय किए गए है, इनमें कक्षा 8 में ए ग्रेड, कक्षा 1० एवं 12 में न्यूनतम 8० प्रतिशत अंक, स्नातक स्नातकोत्तर और उसके समकक्ष सभी परीक्षाओं में न्यूनतम 75 प्रतिशत, एसटीसी बीएड बीपीएड एमएड में न्यूनतम 75 प्रतिशत , नीट एवं आईआईटी में गवर्नमेंट एवं निजी कॉलेज आवंटित होने पर, आईएएस आरएएस आरजेएस परीक्षाओं में चयन होने पर, सभी प्रकार की राजकीय सेवाओ में चयनित होने पर, क्लैट नेट एमबीए एमसीए इत्यादि में न्यूनतम 75 प्रतिशत अंक, गेम्स में नेशनल संभागी या राज्य स्तर पर विजेता और उपविजेता, एनसीसी सर्टिफिकेट, एनडीए में चयनित, स्काउट गाइड में राज्यपाल पुरस्कार, उपखंड अथवा मण्डल , जलिा या राज्य स्तर पर प्रशासन द्वारा सम्मानित होने वाले एवं 1 सितंबर 2०24 से 31 अगस्त 2०25 तक की अवधि में राजकीय सेवा से सेवानिवृत्त कर्मचारी शामिल है । इसी बीच जलिा उपाध्यक्ष गोविंद सहाय शर्मा ने बताया कि सभी प्रतिभाओं के लिए उपलब्धि की अवधि 1 सितंबर 2०24 से 31 अगस्त 2०25 तक की रहेगी। उपरोक्त सभी श्रेणियों में आने वाले समाज के लोगो को इस अवसर पर विप्र फाउंडेशन जॉन 1-डी द्वारा सम्मानित किया जाएगा । सभी प्रतिभाएँ अपनी प्रविष्टि की फोटोकॉपी 5 सितंबर शुक्रवार तक जमा करवा देवे उसके बाद आने वाली प्रविष्टियों पर कोई भी विचार नहीं किया जाएगा।

प्रविष्टियां निम्न में से किसी एक स्थान पर जमा करवा सकते है , कुहू इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल नसिया कॉलोनी , डीएस पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल नसिया कॉलोनी , खादी भंडार व्यापार मंडल गंगापुर सिटी, केशव विद्या मंदिर सैनिक नगर, शर्मा चिकित्सालय अमरगढिया भवन सालोदा रोड गंगापुर सिटी, तिवाडी ऑक्सीजन गैस एजेंसी सालोदा रोड गंगापुर सिटी , वेदान्त कोचिंग क्लास उदेई मोड गंगापुर सिटी , सिद्धि विनायक कंप्यूटर ईदगाह मोड , ब्राह्मण समाज धर्मशाला महूँकलाँ इत्यादि जगहों पर अपनी अपनी प्रविष्टि एवं योग्यता प्रमाण पत्र की फोटो कॉपी जमा करवा सकते है , साथ ही अपना मोबाइल नंबर भी आवश्यक रूप से दर्ज कराना सुनिश्चित करे । यदि किसी कारणवश कोई प्रतिभा अपनी प्रविष्टि निम्न सेंटर पर देने में असमर्थ हो तो वे अपनी प्रविष्टि निम्न मोबाइल नंबर 8385००528० पर भी ऑनलाइन भेज सकते है । इसी बीच उक्त बैठक में विप्र फाउंडेशन जॉन 1-डी के प्रदेशाध्यक्ष डॉ हेमंत शर्मा, जिलाध्यक्ष दिलीप तिवाडी, बालकृष्ण शर्मा, देवेंद्र कुमार पाठक , श्याम सेवा, राजेंद्र सहारिया, कीर्ति कुमार शर्मा, महेंद्र कुम्भाल, शैलेंद्र शर्मा, गोविंद पाराशर, रमाकान्त उपाध्याय, धनेश शर्मा, दुर्गेश शर्मा, अनिल शर्मा, राकेश जैमिनि, मदनमोहन शर्मा, डॉ राजेश आचार्य, गोपाल शर्मा पार्थ, अंकुश कुमार शर्मा, रामगोपाल शर्मा, विजय रमन त्रिवेदी, सुरेश चंद शर्मा, गिरधारी शर्मा, विष्णु गुरुजी, नरेंद्र नाथ शर्मा, ओमप्रकाश शर्मा, शिवचरन शर्मा, हरीशबाबू शर्मा आदि मौजूद रहे।

बैठक आज

हिण्डौन सिटी, (निसं)। अग्रवाल समाज हिण्डौन सिटी की बैठक आगामी 25 अगस्त, सोमवार को अग्रसेन कन्या महाविद्यालय परिसर में सायं 5:30 बजे आयोजित होगी। समाज के महामंत्री एडवोकेट लक्ष्मण गोयनका ने बताया कि बैठक की अध्यक्षता समाज अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार आर्य करेंगे।उन्होंने बताया कि बैठक में आगामी अठासेन जयंती को अधिक धूमधाम से मनाए जाने पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

डॉ. दीपक सिंह का किया सम्मान

भरतपुर, (निसं)। डायमण्ड मॉर्निंग वॉकर क्लब ने डॉ. दीपक सिंह पुत्र डॉ. महेन्द्र सिंह निवासी जवाहर नगर द्वारा कांठमाडू में आयोजित एशियन पावर लिफ्टिंग के 120 किलो वर्ग में तीन स्वर्ण पदक तथा एक रजत पदक जीतकर देश तथा भरतपुर का नाम गौरवान्वित करने पर क्लब सदस्यों ने रविवार प्रातरू उनके निवास पर जाकर माला, दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया।

वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनय सिंघल ने बताया कि डॉ. दीपक सिंह भरतपुर मेडिकल कॉलेज में श्वसन रोग विभाग के विभागाध्यक्ष एवं वर्तमान में राजस्थान राज्य के मेडिकल कॉलेज में कार्यरत स्टेट टास्क फोर्स ह्ञ्रश्वक्क के चेयरमैन भी है। साथ ही मेडिकल विज्ञान में अमेरिकन कॉलेज ऑफ चेस्ट फिजिशियन द्वारा तीन बार सम्मान प्राप्त है। डॉ. दीपक सिंह अपने व्यस्त समय में भी अनूठी प्रतिभा से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेते रहे है और रेस्टलिंग व पॉवर लिफ्टिंग के क्षेत्र में उनके पास अब तक 5 अंतरराष्ट्रीय और 12 राष्ट्रीय पदक है। क्लब के सचिव भागचन्द बंसल ने बताया कि डॉ. दीपक सिंह ने क्लब के सभी सदस्यों को शाकाहारी जीवन जीने, नियमित व्यायाम करने एवं दिन के 24 घण्टे में 48 घण्टे काम करने के ट्रिप्स दिये।

मेला आयोजक संघ का गठन

गंगापुर सिटी, (निसं)। हस्त शिल्पियो और कुटीर उद्योगो द्वारा बनाए सामान की बिक्री के लिए प्रदेश में मेले लगाने वाले आयोजको ने राजस्थान मेला आयोजक संघ का गठन किया गया। पुष्कर के जॉय रिसोंट में संपन्न हुई दो दिवसीय बैठक में सर्वसम्मति से कार्यकारिणी का गठन किया जिसमें सतपाल सिंह को अध्यक्ष बनाया गया। वहीं बलदेव सैनी को उपाध्यक्ष, जावेद आलम को महामंत्री,जगराम गुर्जर को सचिव, ओम आचार्यको एडमिन ग्रामीण, कोषाध्यक्ष अरूण सिंह, मीडिया प्रभारी आदित्य मिश्रा को एवं बद्री प्रसाद मेहरा को वरिष्ठ सलाहकार बनाया गया है।

दिनेश मीना पांचवीं बार सपोटरा अध्यक्ष बने

करौली, (निसं)। सपोटरा शिक्षक संघ राष्ट्रीय उप शाखा सपोटरा के रविवार को राउमावि सपोटरा में चुनाव अधिकारी रामेश्वर मीना एवं चुनाव पर्यवेक्षक सत्यनारायण मीना के सानिध्य में चुनाव संपन्न हुए।

प्रदेश कार्य समिति सदस्य प्रेमराज मीना ने बताया कि संगठन के चुनाव निर्विरोध करते हुए पांचवीं बार सपोटरा अध्यक्ष पद पर दिनेश मीना को एवं महेश गुर्जर को मंत्री, गणेश मीना को सभाध्यक्ष, दिनेश गुप्ता उप सभाध्यक्ष,सूरज मीना वरिष्ठ उपाध्यक्ष, हेमंत शर्मा उपाध्यक्ष,लोकेश गुप्ता को कोषाध्यक्ष, सुमन सैनी को महिला मंत्री चुना गया संरक्षक मंडल में लखन लाल मीना सीबीईओ सपोटरा, रामावतार मीना डीएलसीओ,प्रकाश चंद मीना, रमेश चंद मीना, रामलखन मीना, राजकुमार मीना, प्यारेलाल मीना, प्रेमराज मीना,परसराम मीना,को सम्मिलित किया गया वही धर्मराज मीना, हंसराज मीना, यशपाल वर्मा, सुगंधा गुप्ता, पुखराज मीना,कीर्ति भंडारी, हेमंत डांगी, प्यारेलाल मीना, सीताराम मीना, परसराम मीना, लालाराम मीना की सदस्य के रूप में चुना गया,अध्यक्ष दिनेश मीना का माला साफा पहनाकर स्वागत किया।

मनाया नन्दोत्सव कार्यक्रम मनाया

गंगापुर सिटी, (निसं)। 24 अगस्त। श्याम परिवार सेवा समिति गंगापुर सिटी की महिला मंडल इकाई द्वारा भगवती पैलेस में नन्दोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती उषा गुप्ता और मोहनी हेमनानी द्वारा की गई। कार्यक्रम की शुरूआत अवनी गुप्ता द्वारा गणेश वंदना करके की गई। इस दौरान मंडल की महिलाएँ अपने अपने लड्डू गोपाल जी को सजाकर अपने साथ लेकर आई। वहीं पाँच वर्ष तक के बच्चे राधा कृष्ण की झांकी के रूप में तैयार हो कर आये । हिलाओं द्वारा नंद बाबा यशोदा देवकी वासुदेव की झाकियां भी बनायी गई जो सभी के आकर्षण का केन्द्र रही।

पूर्णाहुति व भंडारा प्रसादी के साथ यजुर्वेद पारायण महायज्ञ का समापन

गंगापुर सिटी, (निसं)। आर्य समाज गंगापुर सिटी के तत्वाधान में चल रहे यजुर्वेद पारायण महायज्ञ का रविवार को समापन हुआ। प्रवक्ता आशुतोष आर्य ने बताया कि मुकेश गुप्ता, कैलाश मित्तल, रामवतार सीए, मदन मोहन गुप्ता, हुकम चंद गुप्ता, अरविंद गुप्ता पीलोदा वाले, अरविंद गर्ग आदि यजमान दंपतियों से यज्ञ के ब्रह्मा आचार्य हरिशंकर अग्निहोत्री ने यजुर्वेद पारायण महायज्ञ के पूर्णाहुति के मंत्रों से आहुतियां दिलवाई।

पूर्णाहुति उपरांत आर्य समाज के वरिष्ठ जन कछीया लाल बजाज पूर्व प्रधान, रमेश गहनोली पूर्व प्रधान, पूर्व प्रधान स्व. गोविंद आर्य की धर्मपत्नी कमला देवी आर्य, सावित्री महारावल, आर्य समाज के संरक्षक पंडित मदन मोहन आर्य का शॉल उडाकर और प्रतीक चिन्ह भेंट करके सम्मान किया गया। साथ ही आचार्य हरिशंकर अग्निहोत्री, भजनोपदेशक सुमित अंगिरस और उपस्थित संन्यासी गणों का आर्य समाज के प्रधान मदन मोहन बजाज, संतोष मसावता, संजय आर्य, वीरेंद्र आर्य, मनोज आर्य, अभिषेक बंसल आदि के द्वारा दुपट्टा उडाकर माला पहनाकर सम्मान किया गया। आचार्य ने अपने उद्बोधन ने बताया कि इस भारत वर्ष में विभिन्न प्रकार की संस्था संगठन संप्रदाय है लेकिन वह सभी संकुचित है। आर्य समाज एक मात्र संस्था है जिसके द्वार सभी समाज सभी जाति सभी संप्रदायों के लिए खुले हुए है। समाज का हर तबके का व्यक्ति यहां आकर अपना और मनुष्य मात्र का कल्याण कर सकता है। मनुष्य को मोक्ष की प्राप्ति तब हो सकती है। भौतिक सुखों में रुचि बनाए रखने से आध्यात्मिक सुख पाना मुश्किल हो जाता है। इसलिए, भौतिक सुखों को धीरे-धीरे कम करके आध्यात्मिक सुख की ओर बढना चाहिए व महर्षि पतंजलि ने योग दर्शन में जो अष्टांगयोग यम, नियम, आसान, धारणा, ध्यान व समाधि बताए है। गृहस्थ जीवन में रहते हुए यह मोक्ष प्राप्ति का सर्वोत्तम साधन है। उत्तर प्रदेश सहारनपुर से पधारे हुए भजनोपदेशक सुमित अंगिरस ने ईश्वर हर दम पास हमारे जान सके तो जान ., इस वैदिक धर्म की वेदी को पूरी करके दिखा.., प्रभु प्यारे से जिसका संबंध है उसे हर पल आनन्द ही आनंद है...आदि मनमोहक भजनों की प्रस्तुति दी जिनको सुनकर श्रोताओं में उत्साह का संचार हो गया। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम संयोजक ओमप्रकाश डाबरा, मंत्री संतोष मासावता के द्वारा धन्यवाद ज्ञापित करके व भंडारा प्रसादी के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। इस दौरान पंडित मदनमोहन आर्य, संजय आर्य, मदन मोहन बजाज प्रधान, ओमप्रकाश घी वाले, नरेंद्र आर्य, आशुतोष आर्य, संजय आर्य, शुभम आर्य, गिरीश आर्य, देवेंद्र आर्य, मदन मोहन गुप्ता, ओमप्रकाश धागा वाले, सुमन आर्य, मीनू आर्य, बबीता, मिथलेश, ऊषा आर्य, पुष्पा आर्य, शिमला,आदि के अलावा सैकडों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।